## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्द लिखिए :

Write approximately *150* words on each one of the following : 10×5=50

*(a)* राजनीति-विज्ञान का व्यवहारवादी उपागम

Behavioural approach to Political Science

*(b)* राज्य का बहुलवादी सिद्धांत

Pluralist theory of State

*(c)* क्रांति पर लॉक के विचार

Locke's views on Revolution

*(d)* उदारवाद का पतन

Decline of Liberalism

*(e)* शक्ति तथा आधिपत्य के बीच संबंध

Linkage between Power and Hegemony

**2.** *(a)* उपयुक्त उदाहरणों सहित 'राजनीतिक' शब्द में निहित अर्थों को स्पष्ट कीजिए।

Elucidate the meanings inherent in the term 'political' with appropriate illustrations. 20

*(b)* मार्क्सवाद एक क्रिया-आधारित राजनीतिक सिद्धांत है, जो अपने मूल सिद्धांतों के सख्त अनुपालन की माँग करता है। टिप्पणी कीजिए।

Marxism is a political theory of action demanding strict compliance with its core principles. Comment. 15

*(c)* लोकतांत्रिक नागरिकता की समानता और नागरिकों की स्वतंत्रता के बीच संबंध की प्रकृति आर्थिक समानता से प्रभावित होती है। टिप्पणी कीजिए।

The nature of relationship between equality of democratic citizenship and liberty of citizens is influenced by economic equality. Comment. 15

**3.** *(a)* मानवाधिकारों पर बहस सार्वभौमिकता और सांस्कृतिक सापेक्षवाद दोनों की सीमाओं के बीच फँसी हुई है। टिप्पणी कीजिए।

The debate on human rights is caught between the limitations of both universalism and cultural relativism. Comment. 20

*(b)* विमर्शी लोकतंत्र नागरिकों के मध्य सार्वजनिक मुद्दों के संबंध में लोकतांत्रिक निर्णयन को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। विवेचना कीजिए।

Deliberative democracy seeks to promote democratic decision making about public issues among the citizens. Discuss. 15



CamScanner

(c) धर्मशास्त्र व्यक्तियों और समुदायों के लिए कर्तव्य-केन्द्रित विश्व दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। टिप्पणी कीजिए।
Dharmashastra presents a duty-centric worldview for individuals and communities. Comment. 15

4. (a) वैधता राजनीतिक सत्ता और दायित्व में सकारात्मक मूल्य जोड़ती है। विवेचना कीजिए।
Legitimacy adds positive value to political authority and obligation. Discuss. 20

(b) प्लेटो के रूपों के सिद्धांत का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
Critically examine Plato's theory of Forms. 15

(c) मानवेन्द्रनाथ रॉय ने अपने राजनीतिक विचारों में मार्क्सवाद के मानवतावादी पहलुओं को विशिष्ट रूप से दर्शाया है। विवेचना कीजिए।
Manabendra Nath Roy's political thought highlighted the humanistic aspects of Marxism. Discuss. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्द लिखिए :
Write approximately *150* words on each one of the following : 10×5=50

(a) भारतीय संविधान में संवैधानिक नैतिकता
Constitutional morality in the Indian Constitution

(b) संविधान सभा का उद्देश्य संकल्प
Objective Resolution of the Constituent Assembly

(c) भारतीय संविधान के भाग III में विधिक उपचार
Legal remedies in Part III of the Constitution of India

(d) विधान परिषद् की प्रासंगिकता
Relevance of the Legislative Council

(e) अरक-विरोधी आन्दोलन में महिलाओं की भूमिका
Women's role in anti-arrack movement

6. (a) आप कहाँ तक सहमत हैं कि संविधान की उद्देशिका में उल्लिखित सामाजिक-आर्थिक न्याय को पूरा करने में राज्य के नीति निदेशक तत्त्व मौलिक अधिकारों से अधिक मौलिक हैं?
How far do you agree that the Directive Principles of State Policy are more fundamental than the Fundamental Rights in meeting socio-economic justice as mentioned in the Preamble of the Constitution? 20

(b) राष्ट्रीय महिला आयोग की संरचना तथा कार्यों को स्पष्ट कीजिए।
Explain the structure and functions of the National Commission for Women. 15



CS CamScanner

(c) योजना आयोग की विरासत का भारत की विकास नीतियों पर अभी भी प्रभाव दिखता है। विवेचना कीजिए।

The legacy of the Planning Commission still has a bearing on India's development policies. Discuss. 15

7. (a) स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान भारतीय समाज में समतावाद की स्थापना में दलित संघर्ष के योगदान की विवेचना कीजिए।

Discuss the contribution of the Dalit struggle to establish egalitarianism in Indian society during freedom movement. 20

(b) ग्राम स्वराज की रूप-रेखा, नियोजन पर गाँधीवादी दृष्टिकोण को समझने की कुंजी है। विवेचना कीजिए।

The blueprint of Gram Swaraj is the key to understand the Gandhian perspective on planning. Discuss. 15

(c) सरकार की निर्णयन प्रक्रिया में दबाव समूहों की भूमिका का आलोचनात्मक आकलन कीजिए।

Critically assess the role of pressure groups in the decision-making process of the government. 15

8. (a) भारत में पर्यावरणीय शासन को आकार देने में पर्यावरणीय आन्दोलनों की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of environmental movements in shaping the environmental governance in India. 20

(b) ''सापेक्षिक वंचना नृजातीय संघर्ष का एक मुख्य स्रोत है।'' उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन को विस्तार से समझाइए।

"Relative deprivation is a major source of ethnic conflict." Elaborate the statement with relevant examples. 15

(c) पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम सभा एक ऐसा मंच है, जो लोगों की सामूहिक बुद्धिमत्ता, आकांक्षाओं और इच्छा को अभिव्यक्त करता है। टिप्पणी कीजिए।

Gram Sabha in the Panchayati Raj system is a forum which gives expression to the collective wisdom, aspirations and the will of the people. Comment. 15

★ ★ ★



CamScanner